

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**साझे मूल्यों पर आधारित भारत और कनाडा के संबंध बहुत सौहार्दपूर्ण रहे हैं लोक सभा अध्यक्ष :**

**कैंप टोरंटो (कनाडा), 11 जनवरी 2020** : लोक सभा अध्यक्ष,श्री ओम बिरला के नेतृत्व में राष्ट्र मंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों औ रपीठासीन अधिकारियों के 25वें सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा गए भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने आज ओंटारियो (कनाडा)की लेजिस्लेटिव असेम्बली के स्पीकर,माननीय टेड आरनोट से भेंट की।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि साझे मूल्यों और बहुलतावादी संस्कृति पर आधारित होने के कारण भारत और कनाडा के संबंध बहुत सौहार्दपूर्ण रहे हैं और बढ़ते हुए आर्थिक सहयोग , नियमित उच्च स्तरीय दौरों और दोनों देशों की जनता के बीच परस्पर संपर्क से ये संबंध और प्रगाढ़ हुए हैं। श्री बिरला ने कनाडा भारत संसदीय मैत्री दल की स्थापना का स्वागत करते हुए कहा कि चूंकि दोनों देशों की जनता-संसदीय संस्थाओं के कार्यकरण पर भरोसा करती है , इसलिए इस कदम से न केवल दोनों देशों के विधानमंडलों के बीच संसदीय सहयोग बढ़ेगा , बल्कि इसके माध्यम से विचारों और अनुभवों के आदान - प्रदान से संसदीय लोकतंत्र के कार्यकरण के बारे में समझ भी बढ़ेगी। भारत और कनाडा अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में साथ मिलकरकाम कर रहे हैं।

यह टिप्पणी करते हुए कि भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार में बढ़ोतरी करने की बहुत संभावनाएँ हैं, श्री बिरला ने इस बात पर खुशी ज़ाहिर की कि कनाडा की कई कंपनियाँ भारत में नियमित रूप से निवेश कर रही हैं और 400 से अधिक ऐसी कंपनियों ने इस समय भारत में निवेश किया हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि भारत विदेशी निवेश को बढ़ावा देने में तेजी से विकसित हो रही अग्रणी अर्थव्यवस्था है तथा भारतीय सरकार की व्यापार अनुकूल नीतियों , करों की दरों में कटौती और 'एक राष्ट्र, एक कर' की नीति लागू करने के कारण अर्थव्यवस्था पर व्यापार जगत का भरोसा और भी बढ़ा है।

श्री बिरला ने कहा कि हालांकि कनाडा में अनेक संस्कृतियों , क्षेत्रों और भाषाओं के लोग रहते हैं फिर भी वहां भारत की ही तरह 'अनेकता में एकता ' है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के 1. 6 मिलियन लोगों ने कारोबार, व्यापार, उद्योग जैसे हरेक क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है और हमारी संयुक्त सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया है।

श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि इस यात्रा से दोनों देशों के सम्बन्ध और मजबूत होंगे तथा भारत और कनाडा के बीच साझे संसदीय मूल्यों और परम्पराओं के साथ साथ सांस्कृतिक-, बौद्धिक और व्यापारिक साझेदारी भी बनी रहेगी। उन्होंने माननीय टेड आरनोट को न्यौता दिया कि वह भारत आकर यह देखें कि भारत की संसदीय संस्थाएं किस प्रकार लगभग 1.3 बिलियन लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जुटी हुई हैं।

**"India and Canada have enjoyed cordial relationship based on shared values": Lok Sabha Speaker**

**Camp Toronto (Canada), 11 January 2020**: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla and his Delegation to 25th Conference of Speakers and Presiding Officers of Commonwealth Countries (CSPOC) held a meeting with Hon'ble Ted Arnott, Speaker of Legislative Assembly of Ontario (Canada) today.

Speaking on the occasion, Shri Birla said that both India and Canada have enjoyed cordial relations based on shared values and pluralistic cultures, that have witnessed a constructive change through increasing economic cooperation, regular high-level visits and people to people contact. Shri Birla lauded the creation of Canada-India Parliamentary Friendship Group as a welcome step which will not only increase parliamentary cooperation between legislatures of the two countries but also deepen mutual understanding of the functioning of Parliamentary democracy by the exchange of ideas and experiences, since people of both countries have a shared belief in

functioning of the Parliamentary institutions. Both India and Canada have worked closely together in the international arena.

Observing that many possibilities exist to boost bilateral business between India and Canada, Shri Birla was happy to note that many Canadian companies regularly see India as an attractive investment destination and more than 400 such companies are presently investing in India. He further said that India is one of the fast emerging economies of the world in facilitating foreign investment and the business- friendly policies of the Indian Government, lowering of taxes and ushering in of 'one nation, one tax' regime has bolstered the confidence of the business community in the Indian economy.

Noting that even though Canada is home to people of many cultures, regions and languages, Shri Birla said that there is 'unity in diversity' in both India and Canada. He expressed satisfaction that the 1.6 million People of Indian Origin living in Canada have rendered invaluable contributions in every field of business, trade, industry, etc. and have worked towards preservation of our joint cultural heritage.

Shri Birla expressed the hope that this visit will further strengthen the relations between the two countries and both India and Canada will continue to share not only parliamentary values and traditions but also cultural, intellectual and business relations. He invited Hon'ble Ted Arnott to visit India and witness how the Indian Parliamentary institutions are working to realize the hopes and aspirations of the nearly 1.3 billion strong Indian people.